**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 5023**
**31 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**रक्ताल्पता से ग्रसित महिलाएं**

**5023. श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों में 15-49 आयु वर्ग की रक्ताल्पता से ग्रसित महिलाओं की दर में 53.1% से 57% की वृद्धि होने की जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो इस समस्या के समाधान के लिए किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;
(ग) ओडिशा में इस विशिष्ट चुनौती से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं जहां यह दर विशेष रूप से अधिक है अर्थात् एनएफएचएस-4 में 51 प्रतिशत से एनएफएचएस-5 में 64.3 प्रतिशत है; और
(घ) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रक्ताल्पता मुक्त भारत की प्रभावकारिता और परिणामों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ग): देश भर में महिलाओं (15-49 वर्ष) में एनीमिया की व्याप्तता प्रसार राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (एनएफएचएस-5, 2019-21) के अनुसार 57.0 प्रतिशत और एनएफएचएस-4 (2015-16) के अनुसार 53.1 प्रतिशत है। वर्ष 2018 में, सरकार ने जीवन चक्र दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और किशोरों में एनीमिया की व्याप्तता को कम करने के लिए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) रणनीति शुरू की। 6X6X6 कार्यनीति का उद्देश्य रोगनिरोधी आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण, आवधिक कृमिनाशन; आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण और कृमिनाशन के अनुपालन में सुधार के लिए साल भर सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) अभियान; शिशु और छोटे बच्चे के उचित आहार की प्रणालियों को बढ़ाना, आहार विविधता के माध्यम से आयरन युक्त भोजन के सेवन में वृद्धि को प्रोत्साहित करना, स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों के दोहन पर ध्यान देने के साथ फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ; डिजिटल इनवेसिव

हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन का आकलन और एनीमिया का उपचार; मजबूत संस्थागत तंत्र के माध्यम से एनीमिया के गैर-पोषण संबंधी कारणों के लिए कार्यवाई करने के छह कार्यकलापों के कार्यान्वयन के माध्यम से छह लाभार्थी आयु समूहों में एनीमिया को कम करना है।

ओडिशा राज्य ने एनीमिया की चुनौती को दूर करने के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप राज्य विशिष्ट अभियान 'एनीमिया मुक्त लक्ष्य अभियान' (एएमएलएएन) शुरू किया है, जिसमें कुछ कार्यकलापों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे- लाभार्थियों की जांच (6-59 महीने के बच्चे, स्कूल से बाहर) 10-19 वर्ष की किशोरियां, 20-24 वर्ष की प्रजनन आयु की महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं); ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी)/शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस (यूएचएसएनडी) पर हीमोग्लोबिन आकलन; स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के सभी छात्रों के हीमोग्लोबिन का आकलन; छूटे हुए लाभार्थियों का टेस्ट, ट्रीट और टॉक (टी3) शिविरों में हीमोग्लोबिन आकलन; खून की कमी पाए जाने वालों को उपचारात्मक खुराक देना और प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुसार उच्च केंद्रों को रेफर करना; परामर्श और अनुवर्ती सेवाएं।

(घ): एनीमिया मुक्त भारत के परिणाम पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

**अनुलग्नक**

## राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण [एनएफएचएस-4 (2015-16) और एनएफएचएस-5 (2019-21)] के अनुसार बच्चों और महिलाओं में एनीमिया की व्याप्तता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एनीमिया से ग्रसित 6-59 माह की आयु के बच्चे (%) | | एनीमिया से ग्रसित 15-19 वर्ष की सभी महिलाएं (%) | | एनीमिया से ग्रसित 15-49 वर्ष की गर्भवती महिलाएं (%) | | एनीमिया से ग्रसित 15-49 वर्ष की सभी महिलाएं (%) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दौर | एनएफएचएस 4 | एनएफएचएस 5 | एनएफएचएस 4 | एनएफएचएस 5 | एनएफएचएस 4 | एनएफएचएस 5 | एनएफएचएस 4 | एनएफएचएस 5 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 58.6 | 63.2 | 61.1 | 60.1 | 52.9 | 53.7 | 60.0 | 58.8 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 49.0 | 40.0 | 68.1 | 44.9 | 61.4 | 53.7 | 65.7 | 57.5 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 54.2 | 56.6 | 48.2 | 48.5 | 37.8 | 27.9 | 43.2 | 40.3 |
| 4 | असम | 35.7 | 68.4 | 42.7 | 67.0 | 44.8 | 54.2 | 46.0 | 65.9 |
| 5 | बिहार | 63.5 | 69.4 | 61.0 | 65.7 | 58.3 | 63.1 | 60.3 | 63.5 |
| 6 | चंडीगढ़ | 73.1 | 54.6 | 74.7 | 57.7 | * | * | 75.9 | 60.3 |
| 7 | छत्तीसगढ | 41.6 | 67.2 | 45.5 | 61.4 | 41.5 | 51.8 | 47.0 | 60.8 |
| 8 | दिल्ली | 59.7 | 69.2 | 55.1 | 51.6 | 46.1 | 42.2 | 54.3 | 49.9 |
| 9 | दादरा और नगर हवेली दमन और दीव | 82.0 | 75.8 | 75.9 | 63.9 | 62.3 | 60.7 | 72.9 | 62.5 |
| 10 | गोवा | 48.3 | 53.2 | 30.5 | 44.5 | 26.7 | 41.0 | 31.3 | 39.0 |
| 11 | गुजरात | 62.6 | 79.7 | 56.5 | 69.0 | 51.3 | 62.6 | 54.9 | 65.0 |
| 12 | हरियाणा | 71.7 | 70.4 | 62.7 | 62.3 | 55.0 | 56.5 | 62.7 | 60.4 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 53.7 | 55.4 | 52.7 | 53.2 | 50.4 | 42.2 | 53.5 | 53.0 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 53.8 | 72.7 | 49.9 | 76.2 | 46.9 | 44.1 | 48.9 | 65.9 |
| 15 | झारखंड | 69.9 | 67.5 | 65.0 | 65.8 | 62.6 | 56.8 | 65.2 | 65.3 |
| 16 | कर्नाटक | 60.9 | 65.5 | 45.3 | 49.4 | 45.4 | 45.7 | 44.8 | 47.8 |
| 17 | केरल | 35.7 | 39.4 | 37.8 | 32.5 | 22.6 | 31.4 | 34.3 | 36.3 |
| 18 | लद्दाख | 91.4 | 92.5 | 81.6 | 96.9 | 79.3 | 78.1 | 78.4 | 92.8 |
| 19 | लक्षद्वीप | 53.6 | 43.1 | 59.0 | 31.4 | 39.0 | 20.9 | 46.0 | 25.8 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 68.9 | 72.7 | 53.2 | 58.1 | 54.6 | 52.9 | 52.5 | 54.7 |
| 21 | महाराष्ट्र | 53.8 | 68.9 | 49.7 | 57.2 | 49.3 | 45.7 | 48.0 | 54.2 |
| 22 | मणिपुर | 23.9 | 42.8 | 21.1 | 27.9 | 26.0 | 32.4 | 26.4 | 29.4 |
| 23 | मेघालय | 48.0 | 45.1 | 52.1 | 52.5 | 53.3 | 45.0 | 56.2 | 53.8 |
| 24 | मिजोरम | 19.3 | 46.4 | 21.3 | 34.9 | 27.0 | 34.0 | 24.8 | 34.8 |
| 25 | नगालैंड | 26.4 | 42.7 | 26.3 | 33.9 | 32.7 | 22.2 | 27.9 | 28.9 |
| 26 | ओडिशा | 44.6 | 64.2 | 51.0 | 65.5 | 47.6 | 61.8 | 51.0 | 64.3 |
| 27 | पुदुचेरी | 44.9 | 64.0 | 55.0 | 58.4 | 26.0 | 42.5 | 52.4 | 55.1 |
| 28 | पंजाब | 56.6 | 71.1 | 58.0 | 60.3 | 42.0 | 51.7 | 53.5 | 58.7 |
| 29 | राजस्थान | 60.3 | 71.5 | 49.1 | 59.4 | 46.6 | 46.3 | 46.8 | 54.4 |
| 30 | सिक्किम | 55.1 | 56.4 | 48.7 | 46.7 | 23.6 | 40.7 | 34.9 | 42.1 |
| 31 | तमिलनाडु | 50.7 | 57.4 | 54.2 | 52.9 | 44.4 | 48.3 | 55.0 | 53.4 |
| 32 | तेलंगाना | 60.7 | 70.0 | 59.7 | 64.7 | 48.2 | 53.2 | 56.6 | 57.6 |
| 33 | त्रिपुरा | 48.3 | 64.3 | 52.2 | 67.9 | 54.4 | 61.5 | 54.5 | 67.2 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 63.2 | 66.4 | 53.7 | 52.9 | 51.0 | 45.9 | 52.4 | 50.4 |
| 35 | उत्तराखंड | 59.8 | 58.8 | 46.4 | 40.9 | 46.5 | 46.4 | 45.2 | 42.6 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 54.2 | 69.0 | 62.2 | 70.8 | 53.6 | 62.3 | 62.5 | 71.4 |

******